रजिस्ट्री सं. डी-(डी एन)—128/90 REGISTERED NO. D—(DN)—128/90

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 1] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 6, 1990 (पौष 16, 1911)
No. 1] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 6, 1990 (PAUSA 16, 1911)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों, संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	1
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	—
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल हैं) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	—
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	—
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	1
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	1
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को निकालने वाली अनुपूरक	—

*आंकड़े प्राप्त नहीं।

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court. 1

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 1

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . .

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) . *

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PAGE

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . . . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . . *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 1

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 1

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 1

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi *

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 20 दिसम्बर 1989

सं० 102-प्रेज/89—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री वीर सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक (सं० डी-57)
पुलिस चौकी, सनलाइट कालोनी,
नई दिल्ली।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

6 नवम्बर, 1988 को सांय लगभग 7.25 बजे पुलिस चौकी, सनलाइट कालोनी में सूचना प्राप्त हुई कि मकान सं० डी-9, कालिन्दी कालोनी में 6 सशस्त्र डकैत उपस्थित हैं। उप-निरीक्षक वीर सिंह, एक कान्स्टेबल के साथ तत्काल कालिन्दी कालोनी की ओर रवाना हुए और कुमुक के लिए संदेश छोड़ गए। उसके बाद श्रीनिवासपुरी के थानाध्यक्ष एक उप-निरीक्षक तथा तीन कान्स्टेबलों सहित उक्त स्थान पर पहुंचे। उन्होंने मकान को घेर लिया तथा डाकुओं को आत्म समर्पण करने के लिए ललकारा। उनमें से जोगिन्दर सिंह नामक एक डाकू, जो गिरोह का लीडर था, पूर्व की तरफ से शीघ्र बाहर निकला, जहां उप-निरीक्षक वीर सिंह और एक कान्स्टेबल तैनात थे और उसने .315 बोर के देसी रिवाल्वर से श्री वीर सिंह पर गोलियां चलाई। श्री वीर सिंह ने सूझ-बूझ के साथ नीचे झुककर अपने आप को बचा लिया। इसी दौरान अग्नेयास्त्रों तथा चाकुओं से लैस चार-पांच अन्य डाकू मकान से बाहर निकले और उन्होंने भागने की कोशिश की। श्री वीर सिंह ने डाकुओं का पीछा करना शुरू किया और अपने रिवाल्वर से दो बार गोलियां चलाई, जिसके परिणामस्वरूप जोगिन्दर सिंह नामक एक डाकू गोलियों से घायल होकर मुख्य निकास द्वार के पास गिर गया। घायल डाकू ने चेतावनी दी कि जो भी उसे पकड़ने की कोशिश करेगा वह उसे मार डालेगा। परन्तु श्री वीर सिंह ने निर्भय होकर एक कान्स्टेबल की सहायता से डाकू जोगिन्दर सिंह को काबू में कर लिया।

दो अन्य डाकुओं, अर्थात् हंसराज और जगदीश को भी दूसरे उप-निरीक्षक तथा कान्स्टेबल द्वारा लाठी का वार करके काबू में कर लिया गया। उनमें से एक डाकू अर्थात् विजय कुमार अपने हाथ में रिवाल्वर लेकर यमुना नदी की तरफ भागा। परन्तु श्री वीर सिंह तथा थानाध्यक्ष, श्रीनिवासपुरी और एक कान्स्टेबल ने लगभग 100-150 मीटर की दूरी पर उसे दबोच लिया। शेष दो-तीन डाकू मकान की पिछली चार-दीवारी को पार करके भाग गए। श्री वीर सिंह, शेष डाकुओं को तीन दिन के रिकार्ड समय में गिरफ्तार करने में भी सफल हुए और उन्होंने कई लाख रुपए की चुराई गई समस्त सम्पत्ति को भी बरामद किया।

इस घटना में श्री वीर सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत तलवार भी दिनांक 6 नवम्बर, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 103-प्रेज/89—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री बलबीर कुमार बावा,
पुलिस उप-अधीक्षक,
तलवंडी साबो,
पंजाब।

श्री कुलवन्त सिंह,
हैड कान्स्टेबल (सं० 924/बी० टी० ए०)
भटिन्डा,
पंजाब।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

24 जुलाई, 1988 को यह सूचना प्राप्त होने पर कि मकान सं० एच-81, सिविल स्टेशन भटिन्डा, में संदिग्ध आतंकवादी उपस्थित हैं, श्री बलबीर कुमार बावा, पुलिस उप-अधीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने 6.00 बजे सांय उस घर को घेर लिया। थाना रामा के थानेदार, निरीक्षक बलबीर सिंह, जो उक्त पुलिस दल के सदस्य थे, ने मकान के सामने स्वयं मोर्चा सम्भाला और पुलिस उप-अधीक्षक, बलबीर कुमार बावा और हैड कान्स्टेबल कुलवन्त सिंह ने मकान के पिछवाड़े का मोर्चा संभाला। वहां पुलिस दल की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त होने पर संदिग्ध आतंकवादी मकान के पिछवाड़े के दरवाजे से बाहर निकला और श्री बलबीर कुमार बावा और कुलवन्त सिंह पर 9 एम० एम० पिस्तौल से गोलियां चलायी, जिससे श्री बावा की बाहिनी जांघ जख्मी हो गई और श्री कुलवन्त सिंह का पुट्ठा (हिप) जख्मी हो गया और आतंकवादी भाग गया। दोनों जख्मी अधिकारियों ने लगभग 200 मीटर तक आतंकवादी का पीछा किया। आतंकवादी पुलिस अधिकारियों पर लगातार गोली चलाता रहा और पुलिस अधिकारियों ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलायी। पुलिस बल द्वारा गोलियां चलाई जाने के परिणामस्वरूप आतंकवादी गोली लगने से जख्मी होकर गिर पड़ा और मर गया। बाद में उसकी शिनाख्त गांव बावा, थाना रामा के बलजीत सिंह के रूप में की गई। मृत आतंकवादी से एक 9 एम० एम० की पिस्तौल और तीन राउण्ड की मैगजीन बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में श्री बलबीर कुमार बावा, पुलिस उप-अधीक्षक, श्री कुलवन्त सिंह हैड कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत तलवार भी दिनांक 24 जुलाई, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 104-प्रेज/89—राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री खियां राम,
पुलिस अधीक्षक,
जिला चान्देल,
मणिपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

22 मार्च, 1989 को मध्यरात्रि के 0030 बजे गांव क्रिस्ट्यन, जिला चान्देल, में विघटनकारियों की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त होने पर श्री खियां राम, पुलिस अधीक्षक ने 18 पुलिस कार्मिकों का एक छापामार दल गठित किया और विघटनकारियों के छिपने के स्थान पर छापा मारने के लिए रवाना हुए। उन्होंने छापामार दल को तीन समूहों में विभाजित किया, जिनमें से दो ने गांव को घेर लिया तथा तीसरी दल श्री खियां राम के नेतृत्व में उस मकान की तरफ बढ़ा जहां संदिग्ध विघटनकारी छिपे हुए थे। वहां पहुंचने पर पुलिस दल ने घर को अन्दर से बन्द पाया। श्री खियां राम ने पांच पुलिस कार्मिकों को घर की निगरानी करने के लिए तैनात किया ताकि छिपे हुए विघटनकारियों में से कोई निकलकर भाग न सके। उन्होंने स्वयं मकान में घुसने के लिए घर के लकड़ी के दरवाजे को तोड़ दिया। इस दौरान मकान के भीतर से विघटनकारियों द्वारा उन पर गोलियां चलाई गई। उन्होंने तुरन्त स्थिति संभाली और अपने रिवाल्वर से जवाब में तीन गोलियां चलाई और गोलाबारी को शांत कर दिया तथा मकान के अन्दर कूद गए। अपने निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, उन्होंने उस सशस्त्र विघटनकारी से हाथापाई की, जो कमरे में से गोलियां चला रहा था और विघटनकारी को पकड़ने तथा निहत्था करने में सफल हुए। पकड़ा गया विघटनकारी जख्मी हालत में था। घटनास्थल से एक भरा हुआ विदेशी पिस्तौल तथा तीन सक्रिय राउण्ड तथा तीन चले हुए खोल बरामद हुए। विघटनकारी को अस्पताल ले जाया गया जहां घावों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। विघटनकारी की बाद में शिनाख्त होने पर मालूम हुआ कि वह एक कुख्यात कट्टर नागा विघटनकारी फोरिंग अगास उर्फ रार्वट था जिसका हत्या, लूटपाट और अपहरण इत्यादि जैसे अनेक जघन्य अपराधों में हाथ था।

इस मुठभेड़ में श्री खियां राम, पुलिस अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 मार्च, 1989 से दिया जाएगा।

सं० 105-प्रेज/89—राष्ट्रपति महाराष्ट्र पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री एस० एन० मोरे, (मरणोपरान्त)
नायक संख्या—17087,
ग्रेटर बम्बई,
महाराष्ट्र।

श्री एस० बी० राने,
कान्स्टेबल संख्या—5075
ग्रेटर बम्बई,
महाराष्ट्र।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

9 जनवरी, 1988 को लगभग 7.00 बजे शाम को सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त निजाम कादरी, गांव माले सोपारा, जिला थाने में छिपा हुआ है। सी० आई० डी० बम्बई के अपराध शाखा का एक खोजी पुलिस दल, जिसमें तीन उप-निरीक्षक, एक हैड कान्स्टेबल नायक एस० एन० मोरे और कान्स्टेबल एस० बी० राने थे, एक पुलिस जीप में अभियुक्त को गिरफ्तार करने निकला। पुलिस दल सादे कपड़ों में था और अभियुक्त की शिनाख्त करने के लिए दो मुखबिर और सैयद इस्माईल, पुलिस हिरासत में रखा गया एक अपराधी, को अपने साथ ले गया।

लगभग 11.00 बजे रात्रि को गांव में पहुंचने पर यह योजना बनाई गई कि नायक एस० एन० मोरे और कान्स्टेबल एस० बी० राने, मुखबिरों के साथ पैदल मकान की तरफ जाएंगे, जिनके पीछे उचित दूरी पर पुलिस दल के दो अन्य कार्मिक जाएंगे और शेष पुलिस कार्मिक थोड़ी दूरी पर प्रतीक्षा करेंगे। मुखबिरों को निर्देश दिए गए कि यदि अभियुक्त चाल के कमरे में उपलब्ध हो तो वे उस बारे में संकेत करें।

मुखबिरों ने दरवाजे पर दस्तक दी और यह पुष्टि कर लेने पर कि अभियुक्त अंदर है, उन्होंने बाहर से कहा कि वे यह संदेश लेकर आए हैं कि अभियुक्त की मां गम्भीर रूप से बीमार है और वे उनके साथ रेलवे स्टेशन चलें। गिरफ्तारी के खतरे को भांपते हुए अभियुक्त, पार्टी की उम्मीद के खिलाफ, अपने हाथ में गुप्ती लेकर अचानक कमरे से बाहर आया और उसने एक मुखबिर पर आक्रमण करने की कोशिश की। इस समय नायक मोरे ने हस्तक्षेप किया और अभियुक्त को पकड़ने की कोशिश की और उसे मुखबिरों पर आक्रमण करने से रोका। इस पर उत्तेजित अभियुक्त ने गुप्ती से नायक मोरे पर प्रहार किया। यह देखने पर कान्स्टेबल राने अभियुक्त के साथ भिड़ गए लेकिन अभियुक्त ने उस पर भी गुप्ती से प्रहार किया और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। यह पूरी घटना इतने कम समय में हुई कि मुखबिर अन्य पुलिस कार्मिकों को संकेत नहीं कर सके, जिसके कारण वे मदद के लिए नहीं आ सके। अभियुक्त का पीछा करने के लिए उनके द्वारा पूरी कोशिश किए जाने के बावजूद वह अंधेरे में नजदीक की झाड़ियों में गायब हो गया।

श्री एस० एन० मोरे और श्री एस० बी० राने को तुरन्त स्थानीय सरकारी डिसपेन्सरी ले जाया गया और वहां से चिकित्सा के लिए सरकारी चिकित्सालय वासेन भेजा गया किन्तु इससे पहले कि नायक मोरे को उचित चिकित्सा दी जा सके उन्होंने दम तोड़ दिया।

इस घटना में श्री एस० एन० मोरे, नायक और एस० बी० राने, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 जनवरी 1988 से दिया जाएगा।

सं० 106-प्रेज/89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री जे० एस० रावत,
पुलिस उप-निरीक्षक
12वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री पी० जी० गयाली,
कान्स्टेबल संख्या—831270328,
12वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

2 अप्रैल, 1988 को लगभग सायं 5.30 बजे श्री जे० एस० रावत, पुलिस उप-निरीक्षक ने ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच करने का निर्णय लिया। वह कान्स्टेबल पी० जी० गयाली, कान्स्टेबल ड्राईवर पी० थोंगापाथी तथा तीन अन्य कार्मिकों सहित जांच करने के लिए निकल गए। गांव काकचे की जांच करने के बाद, पुलिस दल गांव खिलखियां की

ओर बढ़ा तो रास्ते में एक फार्म-हाऊस के निकट उन्होंने तीन सिख युवकों को संदिग्ध अवस्था में पड़े देखा। श्री रावत ने ड्राईवर को वाहन रोकने का निर्देश दिया। जैसे ही जीप की रफ्तार कम हुई उनमें से एक सिख युवक ने ए० के०-47 चीनी एसाल्ट राईफल निकाली और जीप पर गोली चलायी। हालात को शीघ्रता से भांपते हुए श्री थांगापाण्डी जीप को आगे ले गए और इस प्रकार गोली की पहुंच से बाहर ले आए। यद्यपि, जीप के पिछले बाएं हिस्से में गोलियां लगी और जीप की बाडी से तीन गोलियां आर-पार हो गई, परन्तु जीप में बैठा कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। गोली चलने के बाद आतंकवादी फार्म हाउस के पीछे खेतों की ओर भाग गए। आतंकवादियों के हमले से विचलित न होकर श्री रावत जीप से बाहर कूद पड़े और अपने अन्य कार्मिकों को अपने पीछे आने का आदेश दिया। भागते हुए आतंकवादी पुलिस दल पर गोलियां चलाते रहे। लगभग 500 गज तक आतंकवादियों का पीछा करने के बाद जब सफलता नहीं मिली तो श्री रावत ने अपनी रणनीति बदलने का निर्णय लिया। उन्होंने पुलिस दल को दो ग्रुपों में विभाजित किया। एक लांस नायक के नेतृत्व में, कान्स्टेबल पी० जी० गवाली और कान्स्टेबल ड्राईवर पी० थांगापाण्डी सहित एक ग्रुप को दाहिने किनारे से जाकर आतंकवादियों को व्यस्त रखने का निर्देश दिया। श्री रावत के नेतृत्व में अन्य शेष कार्मिकों के दूसरे ग्रुप ने आतंकवादियों का पीछा करना जारी रखा।

खुले मैदान में दाईं तरफ से जाना वास्तव में एक बड़े खतरे का कार्य था क्योंकि वे किसी भी समय आसानी से आतंकवादियों की गोलियों का निशाना बन सकते थे। अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री गवाली और श्री थांगापाण्डी अपने साथियों के साथ खुले मैदान से होते हुए दाईं ओर से आगे बढ़े। आतंकवादियों ने उनको देखते ही उन पर गोलियां चला दीं परन्तु सौभाग्यवश कोई भी घायल नहीं हुआ। श्री गवाली और श्री थांगापाण्डी लगभग 100 गज की दूरी तक रेंगते हुए आतंकवादियों के संदिग्ध छिपने के स्थान पर पहुंचे। गेहूं के खेत में कुछ हलचल देखकर श्री गवाली और श्री थांगापाण्डी ने उस ओर गोली चला दी। परिणामस्वरूप, एक आतंकवादी को छिपने के स्थान से मजबूरन उठना पड़ा। आतंकवादी ने श्री रावत की ओर तुरन्त एक धमाका किया परन्तु वे सुरक्षित बच निकले। श्री रावत ने जवाब में आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे घटना स्थल पर ही मार दिया। आतंकवादी को गिरते हुए देखकर दूसरे आतंकवादी ने जो कि मृत आतंकवादी के निकट छिपा हुआ था, मृत आतंकवादी की ए० के०-47 एसाल्ट राईफल को लेने का भरसक प्रयास किया, परन्तु श्री गवाली और श्री थांगापाण्डी ने आतंकवादी पर एक साथ गोलीबारी कर उस कोशिश को बेकार कर दिया। इससे आतंकवादी पूरी तरह घबरा गया और अपनी थाम्पसन कार्बाईन और ग्रेण्डोलियर को फेंक दिया और घने बागों की ओर भागकर बच निकला। तीसरा आतंकवादी भी भागकर बच निकलने में सफल हो गया। मृत आतंकवादी की बाद में सैदपुर का सरवन सिंह के रूप में पहचान की गई जिसकी कई हत्या/चोरी के मामलों में तलाश थी।

इस मुठभेड़ में श्री जे० एस० रावत, पुलिस उप-निरीक्षक और श्री पी० जी० गवाली, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च-कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 अप्रैल, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 107-प्रेस/89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं —

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री पी० थांगापाण्डी,
कान्स्टेबल/ड्राईवर संख्या-771130409,
12वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेनाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

2 अप्रैल, 1988 को लगभग सांय 5.30 बजे श्री जे० एस० रावत, पुलिस उप-निरीक्षक ने ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच करने का निर्णय लिया। वह कान्स्टेबल पी० जी० गवाली, कान्स्टेबल/ड्राईवर पी० थांगापाण्डी तथा तीन अन्य कार्मिकों सहित जांच करने के लिए निकल पड़े। गांव कालके की जांच करने के बाद, पुलिस दल गांव खिलचियां की ओर बढ़ा तो रास्ते में एक फार्म-हाऊस के निकट उन्होंने तीन सिख युवकों को संदिग्ध अवस्था में खड़े देखा। श्री रावत ने ड्राईवर को वाहन रोकने का निर्देश दिया। जैसे ही जीप की रफ्तार कम हुई, उनमें से एक सिख युवक ने ए० के०-47 चीनी एसाल्ट राईफल निकाली और जीप पर गोली चलायी। हालात को शीघ्रता से भांपते हुए श्री थांगापाण्डी जीप को आगे ले गए और इस प्रकार गोली की पहुंच से बाहर ले आए। यद्यपि, जीप के पिछले बाएं हिस्से में गोलियां लगी और जीप की बाडी से तीन गोलियां आर-पार हो गई, परन्तु जीप में बैठा कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। गोली चलाने के बाद आतंकवादी फार्म-हाऊस के पीछे खेतों की ओर भाग गए। आतंकवादियों के हमले से विचलित न होकर श्री रावत जीप से बाहर कूद पड़े और अपने अन्य कार्मिकों को अपने पीछे आने का आदेश दिया। भागते हुए आतंकवादी पुलिस दल पर गोलियां चलाते रहे। लगभग 500 गज तक आतंकवादियों का पीछा करने के बाद जब सफलता नहीं मिली तो श्री रावत ने अपनी रण-नीति बदलने का निर्णय लिया। उन्होंने पुलिस दल को दो ग्रुपों में विभाजित किया। एक लांस नायक के नेतृत्व में, कान्स्टेबल पी० जी० गवाली और कान्स्टेबल ड्राईवर पी० थांगापाण्डी सहित एक ग्रुप को दाहिने किनारे से जाकर आतंकवादियों को व्यस्त रखने का निर्देश दिया। श्री रावत के नेतृत्व में अन्य शेष कार्मिकों के दूसरे ग्रुप ने आतंकवादियों का पीछा करना जारी रखा।

खुले मैदान में दाईं तरफ से जाना वास्तव में एक बड़े खतरे का कार्य था क्योंकि वे किसी भी समय आसानी से आतंकवादियों की गोलियों का निशाना बन सकते थे। अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री गवाली और श्री थांगापाण्डी अपने साथियों के साथ खुले मैदान से होते हुए दाईं ओर से आगे बढ़े। आतंकवादियों ने उनको देखते ही उन पर गोलियां चला दीं परन्तु सौभाग्यवश कोई भी घायल नहीं हुआ। श्री गवाली और श्री थांगापाण्डी लगभग 100 गज की दूरी तक रेंगते हुए आतंकवादियों के संदिग्ध छिपने के स्थान पर पहुंचे। गेहूं के खेत में कुछ हलचल देखकर श्री गवाली और श्री थांगापाण्डी ने उस ओर गोली चला दी। परिणामस्वरूप, एक आतंकवादी को छिपने के स्थान से मजबूरन उठना पड़ा। आतंकवादी ने श्री रावत की ओर तुरन्त एक धमाका किया परन्तु वे सुरक्षित बच निकले। श्री रावत ने जवाब में आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे घटना स्थल पर ही मार दिया। आतंकवादी को गिरते हुए देखकर दूसरे आतंकवादी ने, जो कि मृत आतंकवादी के निकट छिपा हुआ था, मृत आतंकवादी की ए० के०-47 एसाल्ट राईफल को लेने का भरसक प्रयास किया, परन्तु श्री गवाली और श्री थांगापाण्डी ने आतंकवादी पर एक साथ गोलाबारी कर उस कोशिश को बेकार कर दिया। इससे आतंकवादी पूरी तरह घबरा गया और अपनी थाम्पसन कार्बाईन और ग्रैण्डोलियर को फेंक दिया और घने बागों की ओर भाग कर बच निकला। तीसरा आतंकवादी भी भाग कर बच निकलने में सफल हो गया। मृत आतंकवादी की बाद में सैदपुर का सरवन सिंह के रूप में पहचान की गई जिसकी कई हत्या/चोरी के मामलों में तलाश थी।

इस मुठभेड़ में श्री पी० थांगापाण्डी, कान्स्टेबल ड्राईवर ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 अप्रैल, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 108-प्रेज/89—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री के० सी० राजेन्द्र,
कान्स्टेबल (सं० 85102666),
17वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री जगदीश नारंग,
कान्स्टेबल (सं० 86001952),
17वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

1 मई, 1988 को लगभग प्रातः 4.30 बजे एक दल, जिसमें एक उपनिरीक्षक, एक लांस नायक, 7 कान्स्टेबल (श्री जगदीश नारंग और श्री के० सी० राजेन्द्र, कान्स्टेबलों सहित) शामिल थे, पंजाब पुलिस के एक हैड कान्स्टेबल तथा बी० एच० जी० के एक कान्स्टेबल सहित एक नामी आश्रयदाता भगवन्त सिंह के घर पर छापा मारने के लिए मुथीवाला गांव की ओर रवाना हुआ।

जब छापामार दल भगवन्त सिंह के घर के नजदीक पुल्ले पर पहुंचा तो घर में छिपे आतंकवादी वाहनों की आवाज और प्रकाश से सतर्क हो गए। पुलिस दल ने लगभग 300 गज की दूरी से तीन उग्रवादियों को घर की दीवार से कूदकर नाले की ओर भागते हुए देखा। छापामार दल 4 और 6 के दो समूहों में बट गया और उसने घर के दोनों तरफ से उग्रवादियों का पीछा किया। इस पर उग्रवादियों ने गोली चलानी शुरू कर दी और इसके बावजूद छापामार दल ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादियों का पीछा करना जारी रखा।

एक उग्रवादी ने नाले की दूसरी ओर से मोर्चा लिया और छापामार दल को परे रखने के लिए उस पर गोली चलानी शुरू कर दी। कान्स्टेबल राजेन्द्र और कान्स्टेबल जगदीश नारंग गोलियों का सामना अत्यधिक वीरता के साथ करते हुए उनका पीछा करते रहे और नाले के दूसरे किनारे पर पहुंच गए। कान्स्टेबल राजेन्द्र ने उग्रवादियों पर गोलियां दागीं और उनमें से एक उग्रवादी नीचे गिरा और उसने मरने का बहाना किया। परन्तु कुछ ही समय बाद वह उठ खड़ा हुआ और उसने पुलिस दल पर गोली चलाते हुए फिर भागना शुरू कर दिया। उसके बाद कान्स्टेबल राजेन्द्र और कान्स्टेबल नारंग ने भागते हुए उग्रवादियों पर कारगर गोलाबारी की और एक को मारने तथा दूसरे को घायल करने में सफल हो गए। बाद में मृत उग्रवादी की शिनाख्त होने पर पता चला कि वह महताब सिंह था। इस बीच भगवन्त सिंह और दूसरा उग्रवादी भागने में सफल हो गया।

इस मुठभेड़ में श्री के० सी० राजेन्द्र, कान्स्टेबल तथा श्री जगदीश नारंग, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 1 मई, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 109-प्रेज-89—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मोहिन्दर पाल (मरणोपरान्त)
स्वीपर सं० 88677340
102वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

सीमा सुरक्षा बल के श्री मोहिन्दर पाल, स्वीपर, की सीमा सुरक्षा बल, क्षेत्रीय मुख्यालय, फिरोजपुर में 102वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल भीखीविन्द को तैनाती के आदेश हो चुके थे। 25 सितम्बर, 1988 को लगभग सायं 4.30 बजे श्री मोहिन्दर पाल अमृतसर से पंजाब रोडवेज की बस में चढ़े। जब बस छिवाखाल पुलिया के पास पहुंची तो कुहार के कारण बस धीमी हो गई। अचानक पांच उग्रवादी हथियारों के साथ सड़क पर आए, जिन्होंने अपने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे। उन्होंने बस रोकने का संकेत दिया। उन पांच उग्रवादियों में से एक उग्रवादी ने चालक क्षेत्र पर निगरानी रखी एक ने बस के ड्राईवर के दाहिने अंग पर राईफल की नाल रखी, एक बस के दरवाजे के नजदीक खड़ा हो गया और अन्य बस के आगे के दरवाजे से अन्दर दाखिल हुए और गैर-सिख यात्रियों को बस से नीचे उतरने के लिए कहा। चूंकि मोहिन्दर पाल भी उस बस में एक गैर-सिख यात्री था, अतः उग्रवादियों ने उससे भी बस से नीचे उतरने के लिए कहा। श्री मोहिन्दर पाल ने उनसे कहा कि वह सीमा सुरक्षा बल का सिपाही है और बस से नहीं उतरेगा। इस पर उग्रवादियों ने मोहिन्दर पाल पर बस से नीचे उतरने के लिए दबाव डाला लेकिन उन्होंने फिर भी बस से उतरने से मना किया। जब उग्रवादी मोहिन्दर पाल को बस से उतरने के लिए मजबूर कर रहे थे तो वे एक उग्रवादी पर झपट पड़े और उसकी राईफल पकड़ ली। उग्रवादियों के साथ हुई इस हाथापाई में मोहिन्दर पाल उग्रवादियों द्वारा मारा गया।

जब यह सब कुछ चल रहा था तो बस चालक ने बस चला दी और भीखीविन्द की तरफ तेजी से बस ले गया। यदि मोहिन्दर पाल उग्रवादियों के साथ झड़प नहीं करते तो उग्रवादी अनेक व्यक्तियों को मार देते। इस प्रकार श्री मोहिन्दर पाल ने अन्य यात्रियों को बचाने के लिए अपना बलिदान दे दिया।

इस मुठभेड़ में श्री मोहिन्दर पाल, स्वीपर ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 सितम्बर, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 110-प्रेज-89—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा के बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री जगजीत सिंह,
नायक सं० 68466129,
24वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री अजायब सिंह,
लांस नायक सं० 71243048,
24वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

11 जुलाई, 1988 को सीमा सुरक्षा बल, 24वीं बटालियन के कमांडेंट को एक सूचना प्राप्त हुई कि कुछ आतंकवादियों ने टांडा उरमुर के नजदीक दो पेट्रोल पम्पों और एक चाय के खोमचे-एवं-ढाबे पर शरण ले रखी है। 11/12 जुलाई, 1988 की मध्य रात्रि को नायक जगजीत सिंह और लांस नायक अजायब सिंह के नेतृत्व में 5 अन्य सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों के एक विशेष दल ने जालंधर और पठानकोट को जोड़ने वाली जी० टी० रोड़ पर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए नाकाबन्दी की।

लगभग रात्रि के 2.10 बजे (12 जुलाई, 1988) नाकाबन्दी दल ने एक बैलगाड़ी को सड़क पर आते देखा। जब नायक जगजीत सिंह बैलगाड़ी के ड्राईवर तथा उसमें भरे हुए सामान के बारे में पूछताछ कर रहे थे तो उन्होंने दो व्यक्तियों को संदेहास्पद स्थिति में बैलगाड़ी की आड़ में भागने की कोशिश करते हुए देखा। नायक जगजीत सिंह ने संदिग्ध व्यक्तियों को ललकारा और उन्हें अपने हाथ खड़े करने तथा अपनी पहचान बताने के लिए आगे आने को कहा। उससे सही उत्तर न मिलने पर श्री जगजीत सिंह के

मन में संदेह पैदा हो गया और उन्होंने अपने साथियों को उन्हें दबोचने का आदेश दिया। आदेश सुनने पर दोनों संदिग्ध व्यक्ति अपने पीछे एक बंडल छोड़कर सड़क से ऊबड़-खाबड़ मैदान में कूद पड़े। श्री अजायब सिंह उन्हें पकड़ने के लिए उनके पीछे भागे, लेकिन जैसे ही वे भागते हुए आतंकवादियों के नजदीक पहुंचे तो उन पर आतंकवादियों ने गोली चला दी। तथापि वे बच गए। इस पर श्री जगजीत सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर उग्रवादियों पर गोली दागनी शुरू कर दी। इतने में अपराधियों ने पास के धान के खेतों की ओर भागना शुरू कर दिया। श्री जगजीत सिंह ने श्री अजायब सिंह और दल को उनका पीछा करने का आदेश दिया और वे दल के शेष व्यक्तियों के साथ अपराधियों को घेरने के लिए धान के खेतों के समानान्तर रेलवे पटरी के साथ-साथ भागे। जब श्री अजायब सिंह और उनका दल समस्त आतंकवादियों के लगभग नजदीक पहुंचा तो उन पर आतंकवादियों ने दुबारा गोली चलानी शुरू कर दी। परन्तु श्री अजायब सिंह के टार्च की तेज रोशनी से अपराधियों की आंखें चुंधिया गई जिसके कारण वे ठीक निशाना नहीं लगा सके। श्री अजायब सिंह तथा श्री जगजीत सिंह ने उग्रवादियों पर तुरन्त गोली चला दी जिससे उनमें से एक उग्रवादी मारा गया। बाद में मृत उग्रवादी की शिनाख्त होने पर मालूम हुआ कि वह सुखदेव सिंह उर्फ लाभ सिंह उर्फ सुखा सिपाही था जो अनेक जघन्य अपराधों में अंतर्ग्रस्त था। तथापि, अन्य उग्रवादी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री जगजीत सिंह, नायक तथा श्री अजायब सिंह, लांस नायक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 11 जुलाई, 1988 से दिया जाएगा।

सं० III-पेज/89—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं —

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री गुलाब सिंह,
उप-निरीक्षक संख्या 66100222,
प्रथम बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री विजय सिंह, (मरणोपरान्त)
हैड कान्स्टेबल संख्या 660102942,
प्रथम बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री राम सूरत सिंह,
कान्स्टेबल संख्या 8616097,
प्रथम बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री राजिन्दर पाल,
कान्स्टेबल संख्या 79010004,
प्रथम बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

24 दिसम्बर, 1987 को लगभग रात के 8.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि कुछ उग्रवादियों ने सागरपुरा गांव के एक फार्म हाऊस में शरण ली हुई है। हैड कान्स्टेबल विजय सिंह, कान्स्टेबल राम सूरत सिंह, कान्स्टेबल राजिन्दर पाल तथा 8 अन्य कार्मिकों सहित उप-निरीक्षक गुलाब सिंह के नेतृत्व में एक विशेष गश्ती दल खोज तथा घात लगाने के लिए रवाना हुआ। वहां पहुंचने पर पुलिस दल दो यूथों में बंट गया। एक यूथ का नेतृत्व, हैड कान्स्टेबल विजय सिंह द्वारा किया गया, जिसमें कान्स्टेबल राम सूरत सिंह तथा 4 अन्य कार्मिक थे। कान्स्टेबल राजिन्दर पाल तथा 4 अन्य कार्मिकों सहित उप-निरीक्षक गुलाब सिंह के नेतृत्व वाले दूसरे समूह ने आतंकवादियों की खोज करने तथा उन्हें फार्म हाऊस से बाहर निकालने की जिम्मेदारी ली।

रात को लगभग 8.30 बजे जब पुलिस दल फार्म हाऊस पर घेरा डालने के लिए उसके निकट आए तो एक बदमाश ने, जिसे संभवतः आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया गया था, हल्ला करके सबको सावधान कर दिया। इस प्रकार फार्म हाऊस के निवासियों ने बिजली की रोशनी बन्द कर दी और पुलिस दलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद हैड कान्स्टेबल विजय सिंह अपने आदमियों सहित, जिनमें कान्स्टेबल राम सूरत सिंह भी थे, आगे बढ़े और फार्म हाऊस को घेरने में सफल हो गए। परन्तु फार्म हाऊस के अन्दर महिलाएं और बच्चे होने के कारण घेराबंदी दल कुछ नहीं कर सका। अंधेरा होने के कारण घेराबंदी दल को प्रतिकारात्मक गोली चलाने के लिए आतंकवादियों की गोली चलने से उत्पन्न चमक के सहारे दिशा लेनी पड़ी। ज्योंही हैड कान्स्टेबल, विजय सिंह आतंकवादियों को काबू करने के लिए उन पर कारगर ढंग से गोली चलाने हेतु अनुकूल स्थान पर मोर्चा संभालने के लिए आगे बढ़े तो आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी और वे वीर गति को प्राप्त हो गए। हैड कान्स्टेबल विजय सिंह की मृत्यु के बाद आतंकवादियों के बचकर भागने के रास्ते को बंद करने की जिम्मेदारी कान्स्टेबल राम सूरत सिंह पर आ गई। वे भारी गोलाबारी के बीच रेंगते हुए अपने लिए अनुकूल स्थिति बनाने में सफल हुए।

जब पहले दल ने फार्म हाऊस पर घेरा डाल दिया तो कान्स्टेबल राजिन्दर पाल और श्री गुलाब सिंह गोलियों की बौछार में रेंगते हुए गए और फार्म हाऊस के एक साइड के कमरे में प्रवेश करने में सफल हो गए। श्री गुलाब सिंह ने एक-एक कमरे में जाकर तलाशी शुरू कर दी। दोनों ओर से भारी दबाव होने के कारण आतंकवादियों के पास अपनी जान पर खेल कर वहां से भागने के अलावा और कोई विकल्प न था। ऐसा करने में खतरनाक आतंकवादी तथा गिरोह का नेता अवतार सिंह रूपावली और उसका आश्रय दाता तारा सिंह मारे गए। अंधेरे में श्री गुलाब सिंह ने घर की दीवार के साथ-साथ एक काली सी आकृति को छिपे-छिपे जाते हुए देखा। वह चुपके से आगे बढ़े और उन्होंने एक व्यक्ति को दबोच लिया, जो आतंकवादी अवतार सिंह रूपावली की पत्नी कंवलजीत कौर थी, जिसके पास .32 बोर रिवाल्वर था।

इस मुठभेड़ में श्री गुलाब सिंह, उप-निरीक्षक, श्री विजय सिंह, हैड कान्स्टेबल, श्री राम सूरत सिंह, कान्स्टेबल तथा श्री राजेन्दर पाल सिंह, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 दिसम्बर, 1987 से दिया जाएगा।

सु० नीलकण्ठन, निदेशक

मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 दिसम्बर 1989

सं० ए-11013/6/89-प्रशा०-I—दिनांक 26 अप्रैल, 1989 के समसंख्यक संकल्प द्वारा स्थापित आर्थिक नीति संबंधी समिति को इस के द्वारा तुरन्त प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

दीपक दास गुप्ता, संयुक्त सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 01 दिसम्बर 1989

सं० यू०–13019/ 2/ 89–जी० पी०––इस मंत्रालय की दिनांक 21–6–1983 की अधिसूचना सं० 13019/1/83–जी० पी०–I में आंशिक संशोधन करते हुए, राष्ट्रपति ने यह निर्णय किया है कि दादर और नगर हवेली के लिए गृह मंत्री से सम्बद्ध सलाहकार समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे :––

(क) प्रशासक, संघ राज्य क्षेत्र

(ख) संघ राज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला संसद सदस्य

(ग) दादर और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के सभी पार्षद

(घ) प्रदेश परिषद द्वारा चुने जाने वाले चार गैर–सरकारी सदस्य इनमें कम से कम दो सदस्य अनुसूचित जन जाति के होंगे

(ङ) मद (घ) के अनुसार गृह मंत्री की सलाहकार समिति में यदि किसी महिला सदस्य का प्रतिनिधित्व नहीं हुआ तो एक महिला सदस्य को मनोनीत किया जाएगा ।

3. गृह मंत्री की सलाहकार समिति के लिए अन्य शर्तें अपरिवर्तनीय हैं ।

प्रकाश चन्द्र, निदेशक

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

महासागर विकास विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 17 दिसम्बर 1989

संकल्प

सं० म० वि०वि०/6/7/88– हिन्दी––विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा महासागर विकास विभाग की संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक में दिए गए सुझाव के अनुसरण में, भारत सरकार, महासागर विकास विभाग ने समुद्र विज्ञान तथा इस विभाग से संबंधित इस विज्ञान के सम्बद्ध विषयों पर हिन्दी में मूल रूप से पुस्तकें लिखने को बढ़ावा देने के लिए, उन पुस्तकों के लेखकों को, नकद पुरस्कार देने के लिए एक योजना आरम्भ करने का निर्णय किया है । इस योजना की मुख्य–मुख्य बातें निम्न प्रकार हैं :––

1. योजना का नाम : इस योजना का नाम "महासागर विकास विभाग पुरस्कार योजना" होगा ।

2. योजना का उद्देश्य: इस योजना का उद्देश्य समुद्र विज्ञान तथा इससे सहायक विषयों पर हिन्दी में मूल रूप से पुस्तकों के लेखन को प्रोत्साहित करना है । इस प्रयोजन के लिए निर्धारित समुद्र विज्ञान से संबंधित विषय नीचे दिए गए हैं :––

(1) समुद्र के जीव तथा अजीव संसाधन;

(2) गहरे समुद्र–संस्तर से बहुधात्विक ग्रंथिकाएं;

(3) अंटार्कटिक अनुसंधान;

(4) समुद्री पर्यावरण––प्रदूषण नियंत्रण;

(5) तरंग ऊर्जा का इस्तेमाल तथा सामुद्रिक ऊष्मा ऊर्जा रूपान्तरण तथा

(6) समुद्र विज्ञान से संबंधित कोई अन्य विद्या ।

3. पुरस्कार का मूल्य

इस योजना के अधीन हिन्दी में मूल पुस्तकों के लिए निम्नलिखित पुरस्कार दिए जाएंगे :––

प्रथम पुरस्कार.....रु० 15,000/–

द्वितीय पुरस्कार.....रु० 10,000/–

तृतीय पुरस्कार.....रु० 5,000/–

4. मुख्य विशेषताएं :

4.1 इस योजना का संचालन महासागर विकास विभाग द्वारा किया जाएगा ।

4.2 पुरस्कार वर्ष 1989 से आरम्भ होंगे और प्रत्येक कलैण्डर वर्ष के लिए दिए जाएंगे । महासागर विकास विभाग पुरस्कारों के लिए लेखकों के आवेदन–पत्र हिन्दी और अंग्रेजी के प्रमुख समाचार पत्रों/पत्रिकाओं में विज्ञापन प्रकाशित करके आमंत्रित करेगा ।

4.3 लेखक अपने आवेदन निर्धारित फार्म में भरकर संयुक्त सचिव (प्रशासन), महासागर विकास विभाग, महासागर भवन, ब्लाक–12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003 को भेजेंगे । लेखकों द्वारा अपने आवेदन–पत्रों के साथ अपनी पाण्डुलिपियां/प्रकाशित पुस्तकों की प्रतियां अपेक्षित संख्या में भेजनी होंगी ।

5. योजना में भाग लेने के लिए पात्रता

5.1 महासागर विकास विभाग में कार्यरत व्यक्तियों को छोड़कर सभी भारतीय नागरिक इस योजना में भाग ले सकते हैं ।

5.2 इस योजना में प्रकाशित तथा पाण्डुलिपियां दोनों पर विचार किया जाएगा ।

5.3 पाठ्य पुस्तकों, अर्थात सभी पुस्तकें जिन्हें विशिष्ट रूप से कक्षाओं में पढ़ाने के लिए तैयार किया गया है तथा बच्चों के लिए लिखी गई पुस्तकों को इन प्रतियोगिताओं में शामिल नहीं किया जाएगा ।

5.4 जिन लेखकों की पुस्तकों को इन प्रतियोगिताओं में शामिल किया जाएगा उनका अपनी पुस्तकों पर प्रतिलिप्याधिकार (कापीराइट) बना रहेगा ।

5.5 जिन पुस्तकों को इन प्रतियोगिताओं के लिए पहले पेश किया जा चुका होगा उन्हें इन प्रतियोगिताओं के लिए दोबारा प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा । लेखकों को आवेदन पत्र के साथ अपने प्रकाशित ग्रंथ अथवा पांडुलिपि की साफ टाइप की गई प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी । साफ टाइप न की गई प्रतियों को अस्वीकार किया जा सकता है ।

5.6 महासागर विकास विभाग को पुरस्कार के लिए पुस्तकों का चयन करने और इस प्रकार के चयन के लिए लागू होने वाले नियमों का निर्माण करने का एक मात्र अधिकार होगा।

5.7 जिन मौलिक पुस्तकों को इस पुरस्कार के लिए प्रस्तुत किया जाएगा, उनको पुरस्कार के वर्ष से पिछले 3 वर्षों में प्रकाशित होना चाहिए।

5.8 पांडुलिपियों को इस प्रतियोगिता योजना के लिए उसी सूरत में पुरस्कार प्रदान किया जायेगा यदि उनके साथ लेखक की यह लिखित बचनबद्धता आती है कि अगर उसकी पांडुलिपि को पुरस्कार के लिए चुन लिया गया तो इस प्रकार के पुरस्कार दिए जाने की सूचना मिलने के 6 मास के भीतर इसका प्रकाशन कर दिया जायेगा। पुरस्कार की राशि पुस्तक के प्रकाशन के बाद दी जाएगी।

5.9 जिन पुस्तकों को भारत सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन की किसी योजना के अधीन एक बार पुरस्कार दिया जा चुका होगा उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया जायेगा।

5.10 हरेक लेखक किसी वर्ष विशेष में प्रत्येक विषय के लिए केवल एक पुस्तक विचारार्थ प्रस्तुत कर सकता है।

6. साधारण शर्तें

6.1 यदि पुरस्कार पाने वाली किसी पुस्तक के एक से अधिक लेखक हैं तो पुरस्कार की राशि को उनमें बराबर-बराबर बांट दिया जाएगा।

6.2 यदि किसी वर्ष मूल्यांकन समिति किसी भी पुस्तक/पांडुलिपि को पुरस्कार दिए जाने के उपयुक्त नहीं समझती है तो मूल्यांकन समिति अपने विवेक पर इस पुरस्कार को रोक सकती है।

6.3 पुरस्कार प्रदान किए जाने या पुरस्कार के लिए पुस्तकों के चयन की प्रक्रिया के बारे में कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।

6.4 यह पुरस्कार हर कलैण्डर वर्ष में दिया जाएगा और यदि किसी कलैण्डर वर्ष के लिए उपयुक्त पुस्तकें उपलब्ध नहीं होंगी तो उस वर्ष पुरस्कार नहीं दिए जाएंगे।

7. मूल्यांकन समिति

7.1 पुरस्कार प्रदान किए जाने के लिए पुस्तकों/पांडुलिपियों का चयन करने के लिए एक मूल्यांकन समिति होगी।

7.2 इस मूल्यांकन समिति में अध्यक्ष को मिलाकर 5 सदस्य होंगे। यदि आवश्यक समझा गया तो अतिरिक्त सदस्यों को सह-योजित किया जा सकेगा।

7.3 मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति महासागर विकास विभाग के सचिव द्वारा की जाएगी। मूल्यांकन समिति का अध्यक्ष विभिन्न विषयों में आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों को इस समिति में शामिल कर सकता है। इस प्रकार शामिल किए गए विशेषज्ञों की हैसियत केवल सलाहकार की होगी।

7.4 यदि मूल्यांकन समिति का कोई सदस्य इस पुरस्कार योजना में शामिल होना चाहता है तो वह उस वर्ष के लिए मूल्यांकन समिति का सदस्य नहीं होगा। मूल्यांकन समिति द्वारा लिया गया फैसला अंतिम और हर लिहाज से बाध्यकर होगा और उसके खिलाफ किसी प्राधिकारी को कोई अपील नहीं की जा सकेगी।

7.5 इस समिति का कार्य काल इसके गठन की तारीख से तीन वर्ष का होगा। मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को उनके द्वारा किए गए मूल्यांकन कार्य के लिए यथा-निर्धारित मानदेय दिया जाएगा।

7.6 मूल्यांकन समिति के गैर-सरकारी सदस्यों को नियमानुसार यात्रा/दैनिक भत्ते प्रदान किए जाएंगे।

8. अन्य बातें.

मौलिक पुस्तक का आशय निम्नलिखित प्रकार की पुस्तक से है :—

8.1 जो प्रतियोगी/लेखक द्वारा स्वयं मूल रूप से हिन्दी में लिखी गई हो।

8.2 जो किसी लेखक द्वारा किसी अन्य भाषा में लिखी गई पुस्तक अथवा लेख का प्रतियोगी द्वारा किया गया अनुवाद न हो।

8.3 जो प्रतियोगी द्वारा स्वयं किसी अन्य भाषा में लिखी गयी पुस्तक का स्वयं उस प्रतियोगी द्वारा अथवा किसी व्यावसायिक अनुवादक द्वारा तैयार किया गया अनुवाद न हो।

8.4 जिसे प्रतियोगी ने मूल रूप से हिन्दी में अथवा किसी अन्य भाषा में अपनी शासकीय हैसियत से तथा अपने सरकारी कामकाज के एक भाग के रूप में न लिखा हो।

8.5 जो प्रतियोगी द्वारा स्वयं अथवा किसी व्यावसायिक अनुवादक द्वारा किया गया किसी ऐसी पुस्तक अथवा लेख का हिन्दी अनुवाद न हो जिसे लेखक ने अंग्रेजी अथवा किसी अन्य भाषा में अपनी शासकीय हैसियत से तथा अपने सरकारी काम-काज के एक भाग के रूप में लिखा हो।

8.6 जो लेखक द्वारा स्वयं अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा तैयार किया गया विस्तृत/संक्षिप्त रूप अथवा सार न हो जिसे लेखक ने अपनी शासकीय हैसियत से तथा अपने सरकारी काम-काज के एक भाग के रूप में अंग्रेजी में अथवा किसी अन्य भाषा में लिखाया अथवा प्रकाशित कराया हो, तथा

8.7 जो किसी सरकारी ठेके के अन्तर्गत अथवा किसी सरकारी योजना के अनुसार लिखी गयी पुस्तक न हो।

9. योजना में संशोधन का अधिकार

महासागर विकास विभाग को इस योजना में संशोधन करने का अधिकार होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों, भारत के सभी विश्वविद्यालयों और समाचार अभिकरणों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

बी० सुधीर, अवर सचिव

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

आशुलिपिक सेवा ग्रेड "ब" परीक्षा 1990 के लिए नियम

नई दिल्ली, दिनांक 6 जनवरी 1990

सं० 10/10/89-के० से० (II)—निम्नलिखित सेवाओं/पदों (और ऐसी अन्य सेवाओं/पदों को जिन्हें आयोग द्वारा विज्ञापन में आवेदन पत्र आमंत्रित करते समय शामिल किया जाए) में अस्थायी रिक्तियों को भरने के प्रयोजन से 1990 में कर्मचारी चयन आयोग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं :—

(1) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड "ब"

(2) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड "ब"

(3) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड "ब"

(4) भारतीय विदेश सेवा "ख" के संवर्ग के आशुलिपिक ग्रेड-III

(5) केन्द्रीय सतर्कता आयोग

(6) अन्य दूसरे विभाग/कार्यालय जिनका ऊपर उल्लेख नहीं किया गया है।

आयोग द्वारा उपर्युक्त सेवाओं/पदों के संबंध में उम्मीदवारों से वरीयता उस समय मांगी जाएगी जब वे अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगे । फिर भी उम्मीदवार लिखित परीक्षा की तारीख से पहले एक बार वरीयता क्रम में परिवर्तन कर सकते हैं ।

2. इस परीक्षा का संचालन कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इन नियमों के परिशिष्ट-1 में विहित विधि से किया जाएगा।

किन तारीखों को और किन-किन स्थानों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसका निर्धारण आयोग करेगा।

3. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में निर्दिष्ट की जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों तथा शारीरिक रूप से विकलांग (अपंग तथा आंशिक रूप से नेत्रहीन) व्यक्तियों के रिक्त स्थानों के संबंध में आरक्षण निदेशों के अनुसार सरकार द्वारा निर्धारित ढंग से किया जाएगा।

(1) जो भूतपूर्व सैनिक सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं उन्हें अपनी वास्तविक आयु में से सैनिक सेवा का समय कम करने की अनुज्ञा दे दी जाएगी तथा ऐसी परिणामी आयु निर्धारित आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

इस आयु छूट के अधीन परीक्षा में बैठने की जिन उम्मीदवारों को अनुमति दी गई है वे उन सभी रिक्तियों के लिए चाहे वे भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित हों अथवा नहीं, परीक्षा देने के लिए पात्र होंगे।

भूतपूर्व सैनिक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने योद्धा अथवा गैर-योद्धा के रूप में संघ की नियमित सेवा, नौसेना तथा वायुसेना में किसी भी रैंक में सेवा की है तथा

(1) जो ऐसी सेवा से अपनी पेंशन लेने के बाद सेवा निवृत्त हुआ है या

(2) जिसे ऐसी सेवा से, सैनिक सेवा अथवा किन्हीं प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण मैडिकल आधार पर सेवा मुक्त किया गया हो तथा मैडिकल अथवा अन्य कोई अयोग्यता पेंशन दी गई हो।

(3) जिसे अपने अनुरोध के सिवाए किसी और कारण, संस्थापना के कर्मचारियों की संख्या में कमी करने के कारण ऐसी सेवा से मुक्त किया गया हो, या

(4) जिसे अपने कार्य की किसी विशेष अवधि तक पूरा करने के बाद उसके निजी अनुरोध के सिवाए किसी और कारण से अथवा कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त अथवा पदच्युत करके सेवामुक्त कर दिया गया हो और उपदान दिया गया हो तथा जो निम्नलिखित श्रेणियों की प्रादेशिक सेना के कार्मिकों में शामिल हो अर्थात् :—

(1) निरन्तर एम्बाडिड सेवा पेंशन पाने वाले,

(2) सैन्य सेवा के कारण शारीरिक रूप से अयोग्य हुए व्यक्ति, और

(3) बहादुरी के खिताब विजेता।

नोट-1 : जो भूतपूर्व सैनिक अपने पुनर्नियोजन के लिए भूतपूर्व सैनिकों के रूप में लाभ प्राप्त करने के बाद पहले से ही सिविल सरकारी सेवा में आ गए हैं वे आयु में छूट के पात्र नहीं होंगे।

नोट-2 : पैरा 3(1) के प्रयोजन से सैन्य बल में एक भूतपूर्व सैनिक की काल अप सर्विस की अवधि को सैन्य बलों की सेवा के रूप में माना जाएगा।

नोट-3 : संघ की सीमों सशस्त्र सेनाओं के किसी सैनिक को आरक्षण के लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से एक भूतपूर्व सैनिक मानने के प्रयोजन से उसने पद/सेवा के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय भूतपूर्व सैनिक का सार पहले ही प्राप्त किया हो और अथवा वह किसी सक्षम प्राधिकारी से लिखित साक्ष्य द्वारा अपनी हकदारी के लिए यह सिद्ध करने की स्थिति में हो कि उसे अपनी नौकरी की एक साल की निश्चित अवधि पूरी हो जाने के बाद सशस्त्र सेनाओं से सेवामुक्त कर दिया जाएगा। (इसके लिए परीक्षा की तारीख संगत नहीं है) ।

(ii) अपंग तथा आंशिक रूप से नेत्रहीन (पैरा 3 में यथा-निर्दिष्ट) से ऐसा विकलांग व्यक्ति अभिप्रेत है जैसा कि सरकार द्वारा समय-समय पर परिभाषित किया जाता है। अपंग व्यक्तियों को सहायक देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नोट :—आंशिक रूप से अंधे उम्मीदवारों के लिए अलग से एक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

(iii) अनुसूचित जाति/जन जाति से अभिप्राय उस किसी भी जाति से है जिसका निम्नलिखित में उल्लेख किया गया है—संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, जिसे अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति सूची (संशोधन) आदेश, 1956 द्वारा संशोधित किया गया है, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966, हिमाचल प्रदेश अधिनियम 1970 तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971, संविधान (जम्मू और काश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जाति, आदेश 1962, संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान अनुसूचित जनजाति (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोआ दमन और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश 1968, संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976, संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978।

4. (1) यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल का रहने वाला हो, या

(ग) भूटान का निवासी हो, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आया हो, या

(ङ) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जो भारत मे स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और केन्या, उगांडा और तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व तांगानिका व जंजीबार) से पूर्व अफ्रीकी देशो जाम्बिया मलावी जायरे इथोपिया और वियतनाम से आया हो ।

आगे यह कि उपर्युक्त प्रवर्ग (ख),(ग), (घ) तथा (ङ) का कोई उम्मीदवार वही व्यक्ति होगा जिसके लिए भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया हो । इससे आगे यह कि उपर्युक्त प्रवर्ग (ख),(ग) और (घ) का कोई व्यक्ति भारतीय विदेश सेवा (ख)—आशु-लिपिक सवर्ग का (ग्रेड-III) मे नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

(2) किसी उम्मीदवार को, जिसके मामले मे पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो, परीक्षा मे बैठने दिया जा सकता है, लेकिन नियुक्ति प्रस्ताव केवल तभी दिया जाएगा जबकि, जिस पद पर उम्मीदवार के नियुक्त किए जाने की संभावना है, उस पद के प्रशासनिक रूप से संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा उम्मीदवार को आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र दे दिया गया हो ।

5. (क) इस परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार की आयु 1—1—1990 को न 18 वर्ष से कम और 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1965 से पहले और 1 जनवरी, 1972 के बाद नहीं हुआ हो ।

(ख) उन व्यक्तियो के संबंध मे ऊपरी आयु सीमा में 40 वर्ष तक छूट दी जाएगी जो केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा मे भाग लेने वाले भारत सरकार के विभिन्न विभागो/कार्यालयो मे स्थायी रूप मे आशु-लिपिकों (जिसमे भाषा आशुलिपिक/लिपिक/आशु टंकक/हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक शामिल हैं) के रूप से नियुक्त किया गया है और जिहोने आशुलिपिकों के रूप मे (भाषा आशुलिपिक, लिपिक/आशु—टंकक/हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक भी शामिल हैं) 1 जनवरी 1990 तक दो साल से कम सेवा न की हो और अभी भी वे इसी तरह नियुक्त हो ।

(ग) उपरिलिखित सभी मामलो मे ऊपरी आयु सीमा मे निम्न-लिखित और छूट होगी —

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि मे उसने भारत में प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(3) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जनजाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि मे उसने भारत मे प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(4) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पश्चिमी पाकिस्तान (अब पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1971 और 31 मार्च, 1973 के बीच की अवधि में उसने भारत मे प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का हो और भूतपूर्व पश्चिमी पाकिस्तान (अब पाकिस्तान) का वास्त-विक विस्थापित व्यक्ति हो तथा 1 जनवरी 1971 और 31 मार्च 1973 के बीच की अवधि में उसने भारत मे प्रव्रजन किया हो, तो अधिक मे अधिक 8 वर्ष तक,

(6) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या भविष्य में प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो, या प्रव्रजन करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(7) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का हो और श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या भविष्य में प्रत्या-वर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(8) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा, या तंजानिया संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो या जांबिया, मालावी, जेरे और इथोपिया से प्रत्यावर्तित हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(9) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यार्पणित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(10) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्या-वर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(11) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों मे फौजी कार्यवाहियो को करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा कार्मिको के मामले मे अधिकतम 3 वर्ष तक,

(12) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाको मे फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों से संबंधित रक्षा सेवा कार्मिकों मामले मे अधिकतम 8 वर्ष तक,

(13) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियो में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के कार्मिको के मामलो में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(14) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के ऐसे कार्मिको के मामलो मे अधिकतम 8 वर्ष तक जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियो के हों,

(15) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय पारपत्र हो) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम मे भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण पत्र हो और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 से पहले भारत नहीं आया हो तो उसके लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष,

(16) यदि उम्मीदवार शारीरिक रूप से विकलांग हो अर्थात् जिसका कोई अंग विकृत है तो, अधिक से अधिक 10 वर्ष, और

(17) ऐसी विधवाओ, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक तौर पर अपने पतियो से अलग हुई महिलाओ के मामले में जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, 35 वर्ष की आयु (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओ के लिए 40 वर्ष तक) तक ।

(18) ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम छह वर्ष तक की छूट उन व्यक्तियों को दी जाएगी जो सामान्यतः 1-1-80 से 15-8-85 तक की अवधि में असम राज्य में रहे हों। यह छूट (क) सामान्यतः उम्मीदवार जिस जिले में रहा हो उसके जिला मजिस्ट्रेट से अथवा (ख) असम सरकार द्वारा इस संबंध में नामित किसी अन्य प्राधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी।

(19) जिन विभागीय उम्मीदवारों ने 5-2-1990 को कम से कम तीन वर्ष की लगातार सेवा कर ली है उन्हें 1-1-90 को 40 वर्ष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 45 वर्ष) की आयु तक ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी बशर्ते कि वे ऐसे पदों पर कार्य कर रहे हैं जो उसी लाइन अथवा संबद्ध संवर्गों के हैं तथा जहां यह सापेक्षता निश्चित की जा सकती है कि विभाग में की गई सेवा कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 4/4/74-स्था० (च) दिनांक 20-7-76, 35014/4/70-स्था० (च) दिनांक 24-10-85 तथा 15012/1/88-स्था० (च) दिनांक 20-5-88 के अनुसार अन्य वर्गीकृत पदों में ड्यूटियों के कुशल निष्पादन के लिए लाभप्रद होगी।

(20) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने पहली जनवरी, 1990 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और (i) जो कदाचार या अक्षमता या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या (ii) सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (iii) अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं। (इसमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल पहली जनवरी, 1990 से छः महीने के अन्दर पूरा होना है) उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(21) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने पहली जनवरी, 1990 को कम से कम पांच वर्ष की सैनिक सेवा की है और (i) जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या (ii) सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (iii) अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं, जिनका कार्यकाल पहली जनवरी, 1990 से छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) तथा जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के हैं उनके मामले में अधिक से अधिक दस वर्ष तक।

(22) आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त उन अधिकारियों के मामले में जिन्होंने पहली जनवरी, 1990 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 5 वर्ष।

(23) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के ऐसे आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त उन अधिकारियों के मामले में जिन्होंने पहली जनवरी, 1990 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह की नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 10 वर्ष।

टिप्पणी:—भूतपूर्व सैनिक, जो भूतपूर्व सैनिकों को पुनर्नियोजन के लिए दी जाने वाली सुविधाएं प्राप्त करके पहले से ही सिविल क्षेत्र में सरकारी सेवा में कार्यरत हैं वे उपर्युक्त नियमावली के नियम 5(ग) (xx) और 5(ग) (xxi) के अधीन आयु सीमा में छूट पाने के पात्र नहीं हैं।

ऊपर की गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती है। भूतपूर्व सैनिकों के पुत्रों, पुत्रियों तथा आश्रितों को तथा पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को आयु रियायत अनुज्ञेय नहीं है।

ध्यान दें : (i) जिस उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम 5 (ख) में उल्लिखित आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश दे दिया गया हो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है यदि आवेदन पत्र भेजने के बाद वह परीक्षा से पहले या परीक्षा देने के बाद सेवा से त्याग पत्र दे देता है या विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती हैं। किन्तु आवेदन पत्र भेजने के बाद यदि उसकी सेवा या पद से छटनी हो जाती तो वह पात्र बना रहेगा।

ध्यान दें : (ii) ऐसा आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक, लिपिक आशु-/टंकक/हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक सहित) जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं अथवा जिसे किसी अन्य पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है परन्तु उसका धारणाधिकार उस पद पर है जिससे वह स्थानांतरित किया गया था, यदि वह अन्यथा पात्र है परीक्षा में बैठने का पात्र होगा।

6 उम्मीदवारों ने केन्द्र या राज्य विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा अवश्य पास की हो, अथवा उसके पास किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक स्कूल परीक्षा के बाद हाई स्कूल परीक्षा का या कोई और ऐसा प्रमाण पत्र हो जिसे उस राज्य की सरकार/भारत सरकार द्वारा नौकरी में प्रवेश के लिए मैट्रिक के प्रमाण-पत्र के समकक्ष माना गया हो।

नोट 1—कोई भी उम्मीदवार जिसने ऐसी कोई परीक्षा दे दी है जिसके पास करने पर वह आयोग की परीक्षा के लिए शैक्षिक रूप से पात्र होगा परन्तु उसे परीक्षाफल की सूचना नहीं मिली है तथा ऐसा उम्मीदवार जो ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने का इच्छुक है, आयोग की परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र नहीं होगा।

नोट 2—आपवादिक परिस्थितियों में, केन्द्रीय सरकार किसी ऐसे उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र मान सकती है, जिसके पास उपर्युक्त नियम में निर्धारित शैक्षिक अर्हताओं में से कोई अर्हता नहीं हो बशर्ते कि उम्मीदवार के पास कोई ऐसी अर्हता हो जिसका स्तर सरकार के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है।

7. जिस व्यक्ति ने—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबंध किया है जिसका जीवित पति/पत्नी पहले से है, या

(ख) जीवित पति पत्नी के रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबंध किया है वह सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति तथा विवाह सूत्र के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं, तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है।

8. जो उम्मीदवार स्थायी अथवा अस्थायी रूप से सरकारी नौकरी में पहले से हो वह परीक्षा में बैठने के लिए सीधे आवेदन कर सकता है परन्तु उसे आशुलिपिक परीक्षा में बैठने की अनुमति से पहले अपने कार्यालय से आयोग को एक अनापत्ति प्रमाण पत्र भेजना होगा।

9. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने की संभावना हो।

टिप्पणी : अशक्त भूतपूर्व रक्षा कार्मिकों के मामले में, रक्षा सेवा के सैन्य विघटन डाक्टरी बोर्ड (डीमोबीलाइजेशन मैडिकल बोर्ड) द्वारा दिया गया स्वास्थ्यता प्रमाणपत्र नियुक्ति के प्रयोजन के लिए पर्याप्त समझा जाएगा।

10. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

11. सशस्त्र सेना से कार्यमुक्त भूतपूर्व सैनिक तथा जिन्हें आयोग के नोटिस के अंतर्गत शुल्क की छूट दी गई है, उनको छोड़कर सभी उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस में निर्धारित शुल्क देना होगा।

12. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो।

13. यदि उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी प्रकार का समर्थन प्राप्त करने का यत्न किया तो उसे परीक्षा में प्रवेश के लिए अयोग्य माना जा सकता है।

14. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने :—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से नाम बदल कर परीक्षा दिलाई है, अथवा

(4) जाली प्रमाण पत्र या ऐसे प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे विवरण दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, या

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों, या

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, या

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो,

(11) परीक्षा देने की अनुमति वाले प्रवेश पत्र के साथ उम्मीदवारों को जारी किए गए किसी अनुदेश का उल्लंघन किया हो, अथवा

(12) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अनुचित करने का प्रयत्न किया हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वंचित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह पहले से सरकारी नौकरी में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

15. उम्मीदवारों का चयन : परीक्षा के बाद आयोग हर एक उम्मीदवार को अंतिम रूप से दिए गए कुल प्राप्तांकों के आधार पर उनके योग्यता-क्रम के अनुसार उनके नामों की सूची बनाएगा और उस क्रम के अनुसार आयोग उस परीक्षा में जितने उम्मीदवारों को अंग्रेजी आशुलिपिकों अथवा हिन्दी आशुलिपिकों जैसा भी मामला हो के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हता प्राप्त समझेगा, उनकी इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली अनारक्षित रिक्तियों में नियुक्ति के लिए अपेक्षित संख्या तक सिफारिश की जाएगी।

इन नियमों में दिए गए अन्य उपबंधों के अध्ययन, परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्तियां करते समय उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन पत्र में विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए व्यक्त की गई अग्रताओं पर उचित ध्यान दिया जाएगा।

परन्तु यदि शारीरिक रूप से विकलांग वर्गों अथवा भूतपूर्व सैनिकों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन वर्गों के उम्मीदवारों द्वारा सामान्य मानकों के आधार पर नहीं भरी जा सकती हों, तो आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो, सेवा में चयन करने के लिए उनकी सिफारिश की जाएगी बशर्ते कि वे उपयुक्त हों।

परन्तु यदि अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों का चयन, दूसरे वर्गों के उम्मीदवारों के साथ स्तर में छूट दिए बिना ही उनकी अपनी योग्यता के आधार पर किया गया है, तो उनका सामायोजन रिक्तियों के आरक्षित हिस्से के अंतर्गत नहीं किया जाएगा। आरक्षित रिक्तियों को अलग से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र उम्मीदवारों में से उन उम्मीदवारों द्वारा भरा जाएगा, जिनमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार ही होते हैं और जिनका स्थान योग्यता सूची में अंतिम उम्मीदवार से नीचे है, परन्तु जिन्हें, अन्यथा योग्यता स्तर में छूट देकर भी नियुक्ति के लिए उपर्युक्त पाया जाता है, द्वारा भरा जाएगा।

परन्तु यह भी कि यदि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित भूतपूर्व सैनिकों तथा शारीरिक विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों और शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों द्वारा सामान्य मानकों के आधार पर नहीं भरी जा सकती हों, तो आरक्षित कोटे में कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा के योग्यताक्रम में उनका कोई भी स्थान हो सेवा में चयन करने के लिए उनकी सिफारिश की जाएगी बशर्ते कि वे उम्मीदवार इन सेवाओं में चयन के लिए उपयुक्त हों।

16. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा और आयोग परीक्षा फल के संबंध में उनसे कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

17 उम्मीदवार के चरित्र तथा पूर्ववृत्त की आवश्यक जांच के बाद जब तक सरकार इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है तब तक परीक्षा में पास हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता।

18. इस परीक्षा के द्वारा जिन सेवाओं के लिए भर्ती की जा रही है उनके संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट--II में दिए गए हैं।

डा॰ रविन्द्र सिंह, अवर सचिव

परिशिष्ट—I

परीक्षा की योजना :— -परीक्षा के दो भाग होंगे अर्थात : —

भाग—I : लिखित परीक्षा

भाग—II . आशुलिपि परीक्षा

भाग—1 : लिखित परीक्षा :—परीक्षा के विषय, प्रत्येक विषय के लिए दिया गया समय तथा पूर्णांक और पाठ्य विवरण तथा स्तर निम्न प्रकार होंगे :—

विषय	पूर्णांक		दिया गया समय
(1) भाषा परीक्षा	100	200	दो घण्टे
(2) सामान्य जागरूकता	100		

दोनों ही उक्त विषयों से संबंधित केवल एक पेपर होगा जिसमें वस्तुनिष्ठ बहु विकल्पी प्रकार के प्रश्न होंगे। उम्मीदवारों को दोनों ही विषयों को, अलग–अलग रूप से, पास करना अनिवार्य होगा। आयोग को किसी एक विषय या दोनों ही विषयों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक निर्धारित करने की पूर्ण छूट होगी। केवल वही उम्मीदवार आशुलिपिक परीक्षा के लिए बुलाए जाने के लिए विचारण के पात्र होंगे जो दोनों ही विषयों में अर्हता प्राप्त करेंगे।

स्तर तथा पाठ्यविवरण:—प्रश्न पत्रों का स्तर लगभग वही होगा जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय की मैट्रिकुलेशन परीक्षा का होता है।

भाषा परीक्षा (हिन्दी/अंग्रेजी) : इस परीक्षा में ऐसे प्रश्न होंगे जिससे कि उम्मीदवार के हिन्दी/अंग्रेजी भाषा तथा इसकी शब्दावली, व्याकरण, वाक्य संरचना, समर्थक तथा विरोधार्थक आदि से संबंधित ज्ञान का मूल्यांकन किया जा सके। परिच्छेद को समझने के संबंध में भी प्रश्न होंगे।

सामान्य जागरूकता :—इसमें प्रश्न इस प्रकार से तैयार किए जाएंगे जिससे कि उम्मीदवार की, उसके आसपास घटने वाली घटनाओं तथा समाज में उसकी प्रासंगिकता के संबंध में, सामान्य जागरूकता संबंधी योग्यता का मूल्यांकन किया जा सके। इसमें ऐसे भी प्रश्न रखे जाएंगे जिससे कि उम्मीदवार की, वर्तमान घटनाक्रम और दिन प्रतिदिन नजर आने वाली तथा उनके वैज्ञानिक पहलुओं की बातें जिनकी जानकारी पढ़े लिखे व्यक्ति को होनी चाहिए, ज्ञान का मूल्यांकन किया जा सके। इस परीक्षा में भारत तथा इसके पड़ौसी देशों के संबंध में विशेषकर इतिहास, संस्कृति, भूगोल, अर्थ व्यवस्था, सामान्य नीति तथा वैज्ञानिक अनुसंधान से संबंधित प्रश्न भी होंगे।

भाग—II

300 अंक

हिन्दी या अंग्रेजी में आशुलिपि परीक्षा

(लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वालों के लिए)

आशुलिपि परीक्षा के बारे में ब्यौरे इस प्रकार होंगे :—

आशुलिपि परीक्षा की योजना .

उम्मीदवारों को अंग्रेजी अथवा हिन्दी में 80 शब्द प्रति मिनट की गति से 10 मिनट के लिए एक श्रुतलेख की परीक्षा देनी होगी। जो उम्मीदवार अंग्रेजी में परीक्षा देने का विकल्प देंगे उन्हें 65 मिनट में सामग्री का लिप्यन्तर करना होगा और जो उम्मीदवार हिन्दी में परीक्षा देने का विकल्प देंगे उन्हें 75 मिनट में सामग्री का लिप्यन्तर करना होगा।

1 उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि नोट टंकण मशीन पर लिप्यन्तर करने होंगे, और इस प्रयोजन के लिए उन्हें अपनी टंकण मशीन लानी होगी।

2. जो उम्मीदवार हिन्दी में आशुलिपि परीक्षा देने का विकल्प देंगे उन्हें अपनी नियुक्ति के बाद अंग्रेजी आशुलिपि सीखनी आवश्यक होगी और जो उम्मीदवार अंग्रेजी में आशुलिपि परीक्षा देने का विकल्प देंगे उन्हें हिन्दी आशुलिपि सीखनी आवश्यक होगी।

परिशिष्ट—II

इस परीक्षा के माध्यम से जिन सेवाओं/पदों के लिए भर्ती की जा रही है, उससे संबंधित संक्षिप्त ब्यौरे

क केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा।

ख. केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपि सेवा में इस समय निम्नलिखित ग्रेड हैं :—

ग्रेड "क" और "ख" (सविलयत)	रु० 2000–60–2300–द० रो०–75–3200–100–3500
ग्रेड "ग"	रु० 1400–40–1600–50–2300–द० रो०–60–2600।
ग्रेड "घ"	रु० 1200–30–1560–द० रो०–40–2040।

रु० 3000–100–3500–द० रो०–125–4500 के वेतनमान में एक नया संवर्ग बनाए जाने से संबंधित प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।

2. उक्त सेवा के ग्रेड "घ" में नियुक्त व्यक्ति दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रहेंगे। इस अवधि के दौरान उन्हें ऐसे प्रशिक्षण लेने आवश्यक हैं तथा ऐसी परीक्षाएं पास करनी आवश्यक हैं जो सरकार द्वारा निर्धारित जाएं।

3. परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार संबंधित व्यक्ति को उसके पद पर स्थायी कर सकती है या यदि उसका कार्य अथवा आचरण सरकार की राय में असंतोषजनक रहा हो उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार उसकी परिवीक्षा अवधि जितनी और बढ़ाना उचित समझे बढ़ा सकती है।

4. सेवा के ग्रेड "घ" में भर्ती किए गए व्यक्तियों को केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा योजना में भाग लेने वाले मंत्रालयों या कार्यालयों में से किसी एक में नियुक्त कर दिया जाएगा। किन्तु उसकी किसी भी समय किसी भी ऐसे अन्य मंत्रालय या कार्यालय में बदली हो सकती है।

5. सेवा के ग्रेड "घ" में भर्ती किए गए व्यक्ति इस संबंध में समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत किए जाने के पात्र होंगे।

रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा:

(क) (I) रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा में फिलहाल निम्नलिखित ग्रेड हैं :—

ग्रेड-क : } रु०
ग्रेड-ख : } 2000–60–2300–द० रो०–75–3200–100–3500 का एकीकृत ग्रेड।

ग्रेड-ग : रु० 1400–40–1600–50–2300–द० रो०–60–2600।

ग्रेड घ . रु० 1200–30–1560–द० रो०–40–2040।

(II) उक्त सेवा के ग्रेड घ में भर्ती किए गए व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेंगे। इस अवधि के दौरान उन्हें ऐसा प्रशिक्षण लेना पड़ेगा तथा ऐसी परीक्षा उत्तीर्ण करनी पड़ेगी जो सरकार समय समय पर निर्धारित करे। परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर यदि यह पाया गया कि सरकार की राय में उनमें से किसी भी व्यक्ति का कार्य या आचरण असंतोषजनक रहा है तो उसे सेवा मुक्त किया जा सकता है या उसकी

परिवीक्षा की अवधि को सरकार द्वारा अपेक्षित अवधि को बढ़ाया जा सकता है ।

(III) उक्त सेवा के ग्रेड ख में भर्ती किए गए व्यक्ति इस संबंध में समय समय पर लागू नियमों के अनुसार अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नति के पात्र होंगे ।

(ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा रेल मंत्रालय तक ही सीमित है तथा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा की तरह कर्मचारियों का अन्य मंत्रालयों में स्थानांतरण नहीं होता है ।

(ग) इस नियमों के अधीन भर्ती किए गए रेलवे बोर्ड आशुलिपिक सेवा के अधिकारी :—

(i) पेंशन लाभ के पात्र होंगे तथा

(ii) सेवा में आने की तारीख को नियुक्त रेल कर्मचारियों पर लागू गैर अंशदायी राज्य रेल भविष्य निधि के अधीन उक्त निधी में अभिदान करेंगे ।

(घ) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा में नियुक्त उम्मीदवार रेलवे द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार पास और विशेषाधिकार टिकट आदेश का हकदार होगा ।

(ङ) जहां तक अवकाश तथा सेवा की अन्य शर्तों का संबंध है रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा में सम्मिलित स्टाफ के साथ वैसा ही बर्ताव किया जाता है जैसा कि रेलवे के अन्य स्टाफ से, किन्तु चिकित्सा सुविधाओं के मामले में वे केन्द्रीय सरकार के अन्य कर्मचारियों पर लागू नियमों में शामिल होंगे जिनका मुख्यालय नई दिल्ली होगा ।

(ग) भारतीय विदेश सेवा (ख) आशुलिपिक संवर्ग का ग्रेड–III इस समय भारतीय विदेश सेवा "ख" के आशुलिपिक संवर्ग के निम्नलिखित ग्रेड/ग्रेड

रु० 2000–60–2300–रु० रो०–75–3200–100–3500 ग्रेड II

ग्रेड II

रु० 1400–40–1600–50–2300–रु० रो०–60–2600 ।

ग्रेड–III

रु० 1200–30–1560–रु० रो०–40–2040 ।

2. सेवा के ग्रेड–3 में नियुक्त व्यक्ति दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रहेंगे । इस अवधि के दौरान उन्हें ऐसे प्रशिक्षण लेने तथा ऐसी परीक्षायें पास करनी आवश्यक हैं जो सरकार द्वारा निर्धारित की जायें । परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर यदि उनमें से किसी का भी कार्य अथवा आचरण सरकार की राय में असन्तोषजनक पाया जाए तो उस स्थिति में या तो उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार द्वारा यथोचित समय के लिए उसकी परिवीक्षा अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है ।

3. भारतीय विदेश सेवा "ख" में नियुक्त किए गए उम्मीदवारों को मुख्यालयों भारत में किसी भी स्थान पर अथवा विदेश में जिस पद पर भी नियंत्रक प्राधिकारियों द्वारा तैनात किया जाए, पदों पर सेवा करनी होंगी ।

4. विदेश सेवा के दौरान भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों को संबंधित देशों की जीवन–निर्वाह लागत आदि पर आधारित, समय समय पर मंजूर की जाने वाली दरों पर उनके मूल वेतन के अतिरिक्त विदेश भत्ता मंजूर किया जाता है । इसके अतिरिक्त, भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों पर लागू भारतीय विदेश सेवा (पी० एल० सी० एस०) नियमावली, 1961 के अनुसार, विदेश सेवा के दौरान निम्नलिखित रियायतें भी स्वीकार्य होंगी :–

(1) सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान के अनुसार निःशुल्क सुसज्जित आवास,

(2) सहायता प्राप्त चिकित्सा परिचर्या योजना के अधीन चिकित्सा परिचर्या सुविधाएं;

(3) सरकार द्वारा यथानिर्दिष्ट भारत में किसी निकटतम संबंधी की मृत्यु अथवा गंभीर बीमारी जैसी आकस्मिक स्थिति में भारत में आने और विदेश में अपने वैतनी के स्थान पर वापिस जाने के लिए अधिकारियों की पूरी सेवा के दौरान उन्हें अधिकतम दो बार हवाई यात्रा टिकट;

(4) कुछ शर्तों के अध्यधीन छुट्टियों के दौरान माता–पिता को मिलने के लिए भारत में पढ़ाई कर रहे 6 वर्ष से 22 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को वार्षिक वापसी हवाई यात्रा टिकट;

(5) अधिकारियों की विदेश में नियुक्ति के स्थान में पढ़ाई कर रहे 5 से 18 वर्ष तक की आयु के भीतर के अधिकतम दो बच्चों की शिक्षा पर हुआ व्यय कुछ शर्तों के अध्यधीन सरकार द्वारा वहन किया जाता है,

(6) विद्यमान अनुदेशों के अनुसार विदेश में नियुक्ति के लिए सज्जा (आउटफिट) भत्ता ।

(7) निर्धारित नियमों के अनुसार अधिकारियों और उनके परिवारों को स्वदेश छुट्टी यात्रा भत्ता ।

घ. सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा ।

विद्यमान स्थिति के अनुसार, सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में पदों को भरने की पद्धति सहित, चार ग्रेड निम्नानुसार है :—

ग्रेड	वेतनमान	पद्धति
आशुलिपिक ग्रेड "क"	रु० 650–1200 यथासंशोधित 2000–3500	ग्रेड "ख" आशुलिपिकों की पदोन्नति द्वारा
आशुलिपिक ग्रेड "ख"	रु० 650–1040 यथासंशोधित 2000–3500	5 प्रतिशत तक ग्रेड "ग" आशुलिपिकों की पदोन्नति द्वारा 50 प्रतिशत तक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर आशुलिपि ग्रेड "ग" की पदोन्नति द्वारा ।
आशुलिपिक ग्रेड "ग"	रु० 425–800 यथासंशोधित 1400–2600	25 प्रतिशत आशुलिपिक ग्रेड "घ" की पदोन्नति द्वारा 25 प्रतिशत तक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर आशुलिपिक ग्रेड "घ" की पदोन्नति द्वारा 50 प्रतिशत सीधी भर्ती के उम्मीदवारों द्वारा ।
आशुलिपिक ग्रेड "घ"	रु० 330–560 यथासंशोधित रु० 1200–2040	सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिकीय सेवा के सदस्यों के लिए कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से जिसके न होने पर, सरकार द्वारा निर्धारित पद्धति द्वारा ।

टिप्पणी : चतुर्थ वेतन आयोग की सिफारिशों पर सरकार ने आशुलिपिक ग्रेड "क" और आशुलिपिक ग्रेड "ख" को रु० 2000–3500 के संशोधित वेतनमान में सम्मिलित कर दिया है और 3000–4500 के वेतनमान में आशुलिपिक के अतिरिक्त पदों का सृजन किया है । सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा की पुनरीक्षा विचाराधीन है) ।

2. सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में नियुक्त व्यक्ति दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रहेंगे । इस अवधि के दौरान उन्हें ऐसे प्रशिक्षण लेने तथा परीक्षाएं पास करनी आवश्यक हैं जो सरकार द्वारा निर्धारित की जाएं ।

3. परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार संबंधित व्यक्ति को उसके पद पर स्थायी कर सकती है अथवा यदि उसका कार्य अथवा आचरण सरकार की राय में असंतोषजनक रहा हो तो उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार यथोचित समय के लिए उसकी परिवीक्षा अवधि को आगे बढ़ा सकती है।

4 सेवा के ग्रेड "घ" में भर्ती किए गए व्यक्तियों को सशस्त्र सेना मुख्यालय दिल्ली/नई दिल्ली में स्थित रक्षा मंत्रालय के अधीन अन्त: सेवा संगठनों तथा सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा योजना के अंतर्गत शामिल कार्यालयो में से किसी एक में नियुक्त कर दिया जाएगा। फिर भी उन्हें भारत में किसी भी स्थान पर सेवा करनी पड़ सकती है।

5 सेवा के ग्रेड "घ" मे भर्ती किए गए व्यक्ति, इस संबंध मे समय-समय पर लागू नियमो के अनुसार अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति किए जाने के पात्र होंगे।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 30 नवम्बर 1989

संकल्प

सं० 312/36/89-एफ (पी) —इस मंत्रालय दिनांक 10-2-1987 के संकल्प संख्या 314/3/86-एफ (पी) तथा दिनांक 6-6-1986 के पी संख्या 301/10/85-एफ(पी) का अतिक्रमण करते हुए फिल्म प्रभाग की वृत्तचित्र फिल्म खरीद समिति मूल्य निर्धारण समिति तथा टेंडर समिति का तत्काल प्रभाव से इस प्रकार गठन किया जाता है :—

2. वृत्त चित्र फि० खरीद समिति :

सरकारी सदस्य (सात) :

(1) संयुक्त सचिव (फिल्म), सूचना और प्रसारण मंत्रालय —अध्यक्ष
(2) मुख्य निर्माता, फिल्म प्रभाग —सदस्य
(3) दूरदर्शन महानिदेशक, दूरदर्शन या उनका नामिती —सदस्य
(4) निदेशक (प्रशासन), फिल्म प्रभाग —सदस्य
(5) महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम —सदस्य
(6) उप सचिव (फिल्म), सूचना और प्रसारण मंत्रालय —सदस्य
(7) अतिरिक वित्तीय सलाहकार, फिल्म प्रभाग —सदस्य सचिव

गैर-सरकारी सदस्य (छः) :

खरीद समिति के अध्यक्ष समिति के विचार-विमर्श सहायता के लिए समिति की बैठकों में नीचे उल्लिखित 11 सरकारी सदस्यों में से किन्हीं छः सदस्यों को सहयोजित करेंगे :-

(1) श्री एम० वी० कृष्णास्वामी, बंगलौर
(2) श्री जी० अरविन्दन, त्रिवेन्द्रम
(3) श्री निशीथ बनर्जी, कलकत्ता
(4) श्री विजय चटर्जी, कलकत्ता
(5) श्री भूपेन हजारिका, कलकत्ता।
(6) श्री ओंकार पटेल बम्बई
(7) श्री गिरीश कर्नाड, बम्बई
(8) श्री श्याम बेनेगल, बम्बई
(9) श्री प्रकाश झा, बम्बई
(10) श्री एन० वी० के० मूर्ति, पूणे
(11) डा० (श्रीमती) सरयू दोषी बम्बई।

3. समिति निजी निर्माताओं और अन्य एजेंसियों से वृत्तचित्रों की खरीद के लिए या निजी निर्माताओं से वृत्त चित्रों को भेंट स्वरूप देने के लिए फिल्म प्रभाग द्वारा समय-समय पर प्राप्त सभी प्रस्तावों की जांच करेगी। समिति इस प्रकार के सभी प्रस्तावों पर फिल्मों की गुणवत्ता सामान्य प्रचार के लिए उनकी उपयुक्तता और इस प्रकार के अन्य संबंधित मानदंडों के आधार पर विचार करेगी और यह सलाह देगी कि क्या फिल्म प्रभाग को विचाराधीन फिल्म, लेनी चाहिए या नहीं। समिति वृत्तचित्रों की खरीद से संबंधित सामान्य स्वरूप के मामलों पर भी विचार कर सकती है और फिल्म प्रभाग को अपनी सलाह दे सकती है।

4. समिति की सिफारिशें बहुमत के अनुसार होंगी बशर्ते कि कम से कम एक सरकारी सदस्य भी बहुमत का हो। समिति की सिफारिशों को सामान्यता फिल्म प्रभाग द्वारा स्वीकार किया जाएगा। समिति अपनी बैठकें आवश्यकतानुसार करेगी। समिति को सचिवालीय सहायता फिल्म प्रभाग द्वारा उपलब्ध की जाएगी।

5. (क) समिति के सरकारी सदस्य अपने पद की हैसियत से समिति के सदस्य बने रहेंगे। गैर सरकारी सदस्यों का कार्यकाल सामान्यतया दो वर्ष का या सामान्य कार्यकाल के दौरान या बाद में सरकार द्वारा बदले जाने तक रहेगा।

(ख) किसी भी कारणवश गैर सरकारी सदस्यों की अनुपस्थिति में, प्रस्तावों पर विचार और सिफारिशें समिति के सरकारी सदस्यों द्वारा दी जाएगी।

(ग) गैर-सरकारी सदस्य अवैतनिक रूप से कार्य करेंगे किन्तु वे नियमों के अन्तर्गत यात्रा भत्ते और अन्य भत्तों के पात्र होंगे। गैर-सरकारी सदस्यों को यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते का भुगतान एस० आर० 190 और सरकार द्वारा इसके अंतर्गत समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार किया जाएगा। सरकारी सदस्य अपना यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता, जो नियमों के अन्तर्गत उनको देय हो, उस स्रोत से लेंगे जिससे वे अपना वेतन लेते हैं।

6. समिति द्वारा दी गई और फिल्म प्रभाग द्वारा स्वीकृत की गई सिफारिश के विरुद्ध अपील सूचना और प्रसारण मंत्रालय को इस प्रकार के निर्णय की सूचना दिए जाने की तारीख से 30 दिन के भीतर की जा सकती है। इस प्रकार के मामलों में सूचना और प्रसारण मंत्रालय का निर्णय अंतिम होगा।

7. कीमत निर्धारण समिति :

(1) संयुक्त सचिव (फिल्म,) सूचना और प्रसारण मंत्रालय —अध्यक्ष
(2) मुख्य निर्माता, फिल्म प्रभाग —सदस्य
(3) निदेशक (वित्त) सूचना और प्रसारण मंत्रालय —सदस्य
(4) आंतरिक वित्तीय सलाहकार, फिल्म प्रभाग —सदस्य

समिति, वृत्त चित्र फिल्म क्रय समिति की सिफारिश पर या सरकार के आदेश पर फिल्म प्रभाग द्वारा प्राप्त की जाने वाली वृत्त चित्र फिल्मों के क्रय मूल्य का निर्धारित करेगी। समिति, क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय द्वारा जब कभी भी अनुरोध किया जायेगा उनके लिए फिल्मों के प्रिन्टों के खरीद मूल्य का भी निर्धारण करेगी।

8 टेंडर समिति :

सरकारी सदस्य (आठ) :

(1) संयुक्त सचिव (फिल्म), सूचना और प्रसारण मंत्रालय —अध्यक्ष
(2) मुख्य निर्माता, फिल्म प्रभाग —सदस्य
(3) उप सचिव (फिल्म), सूचना और प्रसारण मंत्रालय —सदस्य
(4) उप मुख्य निर्माता, फिल्म प्रभाग —सदस्य
(5) निर्माता, (बाहरी निर्माण) —सदस्य
(6) आंतरिक वित्त सलाहकार, फिल्म प्रभाग —सदस्य
(7) उप निदेशक (लागत), फिल्म प्रभाग —सदस्य
(8) सहायक प्रशासनिक अधिकारी (संबंधित) —सदस्य

गैर सरकारी सदस्य (दो) :

टेंडरों की जांच करने और फिल्मों के निर्माण के लिए टेंडर समिति की बैठकों में नीचे दिए गए छः गैर सरकारी सदस्यों में से टेंडर समिति का अध्यक्ष किन्हीं दो को सहयोजित करेगा।):—

(1) श्री एन० वी० के० मूर्ति
(2) श्री के० एल० खाडपुर
(3) श्री जी० डी० अग्रवाल
(4) सिद्धार्थ काक
(5) श्री फली बिलिमोरिया
(6) डा० मुकेश बत्रा

9. बाहरी निर्माताओं से टेंडर/कोटेशन मंगवाने के लिए आमंत्रण पत्र फिल्म प्रभाग द्वारा संयुक्त चित्र (फिल्म) की पूर्वानुमति के बाद जारी किए जाएंगे।

10. समी अर्थात् तीनों समितियों के मुख्यालय बम्बई में होंगे।

11. उपर्युक्त समितियों में से किसी भी समिति की किसी भी बैठक में अध्यक्ष के उपस्थित होने की स्थिति में उसके द्वारा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि उक्त बैठकों में भाग लेंगे ऐसी स्थिति में बैठक/बैठकें मुख्य प्रोड्यूसर फिल्म प्रभाग द्वारा आयोजित की जायेंगी। बैठक/बैठकें, की कार्यवाहियां मुख्य निर्माता, फिल्म प्रभाग द्वारा संयुक्त सचिव (फिल्म) को सूचनार्थ भेजी जाएंगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों, प्रधान मंत्री का कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय तथा भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्व साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एम० एस० शर्मा, उप सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 20th December 1989

No. 102-Pres 89.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of Delhi Police :—

Name and rank of officer

Shri Bir Singh,
Sub-Inspector of Police (No D-57),
Police Post Sunlight Colony,
New Delhi.

Statement of services for which the decoration has been awarded.

On the 6th November, 1988, at about 7.25 P.M., information about the presence of six armed dacoits in House No. D-9, Kalindi Colony, was received at Police Post Sunlight Colony. Sub-Inspector Bir Singh, alongwith one Constable, rushed to Kalindi Colony and left the message for re-inforcements. Later Station House Officer, Srinivaspuri alongwith one Sub-Inspector and three Constables, also reached at the spot. They cordoned the house and challenged the dacoits to surrender. One of the dacoits viz. Joginder Singh, leader of the gang, rushed out from the eastern side where Sub-Inspector Bir Singh alongwith one Constable was posted and fired at Shri Bir Singh with a 315 country made revolver. Shri Bir Singh, showed presence of mind, ducked down and escaped unhurt. In the meantime, other 4/5 dacoits armed with fire-arms and knives rushed out of the house and tried to escape. Shri Bir Singh started chasing the dacoits and fired twice from his revolver, with the result one of the dacoits Joginder Singh was hit by the bullet and fell down near the main exit gate. The injured dacoit warned that he would kill anyone, who would try to catch him but Shri Bir Singh remained undeterred and with the help of a Constable over-powered dacoit Joginder Singh.

The other two dacoits viz., Hans Raj and Jadish were overpowered by the other Sub-Inspector and Constable by giving lathiblows. One of the dacoits viz. Vijay Kumar with a revolver in his hand ran towards the Yamuna River but was over-powered at a distance of about 100-150 Metre

by Shri Bir Singh and Station House Officer Srinivaspuri and a Constable The remaining 2/3 dacoits managed to run away by scaling the rear boundary wall of the house Shri Bir Singh was also instrumental in arresting the remaining dacoits within a record time of 3 days and also recovered the entire stolen property worth several Lakhs of rupees

In this incident Shri Bir Singh Sub Inspector of Police displayed conspicuous gallantry courage and devotion to duty of a high order

This award is made for gallantry under rule 4(1) of the rules governing the award of Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under rule 5, with effect from the 6th November 1988

No 103 Pres 89 The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officers of the Punjab Police —

Names and rank of officers

Shri Balbir Kumar Bawa,
Deputy Superintendent of Police
Talwandi Sabo,
Punjab

Shri Kulwant Singh,
Head Constable No 924 BTA
Bhatinda
Punjab

Statement of services for which the decoration has been awarded

